# प्रेस नोट थाना रोजा

# जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक : 10 मार्च, 2025**

**थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा शादी समारोह से अभियुक्तगणों द्वारा चोरी किया गया लेडीज़ पर्स मय माल (कीमत करीब पाँच लाख रू0) के किया बरामद।**

श्रीमान पुलिस उप-महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अपराध में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में दिनांक 28.02.2025 को थाना रोजा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 21.02.2025 को वादी मुकदमा श्री अनुज शर्मा पुत्र स्व0 श्री दिनेश कुमार शर्मा नि0 सेक्टर 13बी 182, न्यू मुरादाबाद, थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना रोजा पर मु0अ0सं0 105/2025 धारा 305 बी.एन.एस. बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण 1. प्रदीप कुमार पुत्र कालू सिंह, निवासी ग्राम कढिया सासी, थाना वोडा, जिला राजगढ, मध्य प्रदेश 2. अमित पुत्र पन्ने सिंह निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरा, थाना छावडा, जिला बारा, राजस्थान के नाम प्रकाश में आये, जिन्होंने मिलकर दिनांक 20.02.2025 को शाहजहाँपुर में थाना रोजा क्षेत्र के सत्यम इम्पीरिया मैरिज लान से वैवाहिक कार्यक्रम से एक महिला का पर्स/बैग चोरी किया था तथा चोरी का सामान दोनों अभियुक्तगण के पास है, जो ज्यादातर शादी/ विवाह एवं पार्टी आदि में पूरे भारतवर्ष में बैग/पर्स चोरी करते हैं। मुखबिर की सूचना पर दिनांक 24.2.25 को उ0नि0 श्री राजेश कुमार मय हमराह आरक्षी 1859 प्रेमपाल सिंह, आरक्षी 1855 कुशलपाल के वास्ते मु0अ0सं0 105/25 धारा 305 बी.एन.एस. में रवाना होकर उक्त चोरी की घटना में माल व मुल्जिम की तलाश करते हुए थाना वोडा, जनपद राजगढ़, मध्यप्रदेश पहुँचे। थाना वोडा, मध्यप्रदेश के आरक्षी प्रदीप शाक्य को लेकर अभियुक्त प्रदीप के घर पर दबिश दी गई, तो अभियुक्तगण प्रदीप व अमित उपरोक्त स्थानीय होने के कारण भौगोलिक स्थिति की जानकारी होने के कारण मौके से रात का फायदा उठाते हुए भाग गये, लेकिन भागने के दौरान ही जंगल में एक लेडीज पर्स फेंक कर जंगल की तरफ भाग गये, जिसे हम पुलिस वालों ने मौके पर पर्स को खोलकर देखा, तो पर्स के अन्दर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/25 धारा 305 बी.एन.एस. से सम्बन्धित माल 01 अदद हार मय 02 अदद झाले पीली धातु तथा 04 अदद अंगूठी पीली धातु(जिनमें 02 पर डायमण्ड लगा है) कुल वजन 44 ग्राम व एक जोडी पायल सफेद धातु वजन 77 ग्राम बरामद हुआ। अभियुक्तगण प्रदीप व अमित उपरोक्त द्वारा जनपद बरेली में इसी प्रकार की चोरी की घटना कारित की गई है, जिनको जनपद बरेली पुलिस द्वारा दिनांक 02.03.2025 को मेगा फूड पार्क, नैनीताल रोड से गिरफ्तार किया गया है, जो वर्तमान में जिला कारागार, बरेली में न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध हैं। नियमानुसार बी-वारण्ट बनवाकर अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 105/2025 धारा 305 बी.एन.एस. बनाम अज्ञात, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।

## घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण का विवरणः-

1.प्रदीप कुमार पुत्र कालू सिंह, निवासी ग्राम कढिया सासी, थाना वोडा, जिला राजगढ, मध्य प्रदेश।
2.अमित पुत्र पन्ने सिंह, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरा, थाना छावडा, जिला बारा, राजस्थान।

## आपराधिक इतिहास प्रदीप कुमार -

1. मु0अ0सं0 151/25 धारा 305/317 (2) बीएनएस व 3/25 आयुद्ध अधि० थाना बहेड़ी जनपद बरेली

2. मु0अ0स0 95/25 धारा 305 बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

3. मु0अ0सं0 140/25 धारा 303 (2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

4. मु0अ0सं0 188/25 धारा 303 (2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

## आपराधिक इतिहास अमित -

1. मु0अ0सं0 151/25 धारा 305/317 (2) बीएनएस व 3/25 आयुद्ध अधि० थाना बहेड़ी जनपद बरेली

2. मु0अ0सं0 95/25 धारा 305 बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

3. मु0अ0सं0 140/25 धारा 303 (2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

4. मु0अ0सं0 188/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली

5. मु0अ0सं0 470/23 धारा 411/414/420/467/468/471 भादवि व 4/25 आयुद्ध अधि० थाना चांदपुर जनपद बिजनौर

### बरामदगी का विवरणः-

- **पीली धातु – कुल वजन 44 ग्राम**
  1. 01 अदद हार
  2. 02 अदद झाले,
  3. 04 अदद अंगूठी (जिनमें 02 पर डायमण्ड लगा है)
- **सफेद धातु – कुल वजन 77 ग्राम**
  1. एक जोड़ी पायल

### बरामदगी करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री राजेश कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
3. कां0 1859 प्रेमपाल सिंह, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
4. कां0 1855 कुशलपाल सिंह, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर